

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 13 अप्रैल 2026 वर्ष 02 अंक 100 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

संघर्ष ही जीवन का असली स्वाद है। – महात्मा गांधी

कठिनाईयाँ हमें तोड़ने के लिए नहीं, बनाने के लिए आती हैं। – नरेंद्र मोदी

# 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2026– उत्तर प्रदेश बना चौंपियन, मध्य प्रदेश उपविजेता

## हॉकी पंजाब ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी को 1–0 से हराकर ब्रॉन्ज़ मेडल जीता

**केशववाणी रानी सिन्हा / शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर (नालंदा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राजगीर खेल अकादमी में 1 से 12 अप्रैल तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2026 का भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश हॉकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि मध्य प्रदेश उपविजेता और पंजाब तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश हॉकी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी मध्य प्रदेश को 5–2 से हराया। मैच की शुरुआत में ही कप्तान केतन कुशवाहा ने चौथे मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, मध्य प्रदेश के गाजी खान ने आठवें मिनट में गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश ने खेल पर पकड़ मजबूत करते हुए नीतीश यादव (13वें मिनट), अली शाहरुख (28वें मिनट), राजमर प्रहलाद (35वें मिनट) और चौहान राघवेंद्र सिंह (40वें मिनट) के गोल की बदौलत निर्णायक बढ़त बना ली। मध्य प्रदेश के आयुष सिंह लोधी ने 43वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं रहा और उत्तर प्रदेश ने 5–2 से मैच जीत लिया। पूरे टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश हॉकी का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मणिपुर हॉकी के खिलाफ 17–1 की बड़ी जीत से की। इसके बाद हॉकी अरुणाचल को 4–0 से हराया, क्वार्टर फाइनल में हॉकी ओडिशा को 6–3 से पराजित किया और सेमीफाइनल में हॉकी पंजाब को 6–2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टीम के अली शाहरुख पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे और जीत में उनकी अहम भूमिका रही।




वहीं, तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में हॉकी पंजाब ने दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव हॉकी को 1–0 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। मैच का एकमात्र गोल राजवीर सिंह ने आठवें मिनट में किया, जो निर्णायक साबित हुआ। इस प्रकार, रोमांचक मुकाबलों से भरपूर इस राष्ट्रीय चौंपियनशिप का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जिसमें देशभर की टीमों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।






# आग से कई बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक , पहुंचे सांसद

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** गेहूं की फसल पककर तैयार है। किसान कटाई और मजाई में जुटे हुए है। इसी में अचानक लग रही आग से उनकी गाढ़ी कमाई जलकर राख हो रही है। शनिवार को स्थानीय प्रखंड के हिरदन बिगहा क्षेत्र में अज्ञात कारणों से लगी आग से लगभग 12 बीघे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। वही इसकी जानकारी होने पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अगलगी स्थल( इजरा खंदा) पर पहुंचकर किसानों से इसके बारे में जानकारी ली।साथ ही उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं जदयू नेता रोहित कुमार के अनुसार दोपहर में अज्ञात कारणों से किसानों में शामिल नागेंद्र प्रसाद के दो एकड़, शेखर कुमार के तीन एकड़ व अरविंद महतो के एक एकड़ 1 एकड़ 6 कट्ठा क्षेत्र में फैले की गेहूं की फसल में आग लगने से क्षति हुई है।उन्होंने कहा कि किसान डंडा लाठी लेकर खेतों की ओर दौड़ पड़े। फायर ब्रिगेड टीम भी पहुंचे थे।लेकिन आग की लपट और तेज हवा व धूंआ के कारण किसान असहाय दिखे। मौके पर पहुंचे सांसद कौशलेंद्र कुमार ने जिला अधिकारी और अंचल प्रशासन को अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग किया।उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नुकसान का ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ सर्वेक्षण कर प्रभावित किसानों को तत्काल उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि बटाईदार(पट्टा )किसानों को भी मुआवजा बिना किसी देरी के प्रदान किया जाए। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने का निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर आम लोगों के बीच फैल रही आशंकाओं को दूर करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उन्होंने बताया कि जिले में संचालित तीनों कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 9436 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय प्रावधानों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद ही रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले का बैकलॉग 4.3 है, जिसे कम कर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है, ताकि उपभ ोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। इधर, जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा को भी तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में कई वा. र्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड तथा राजगीर के 17 वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन पूरी तरह बिछा दी गई है और प्राप्त आवेदनों के आधार पर उप. भोक्ताओं को कनेक्शन दिया जा रहा है।अब तक कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1508 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, जबकि 164 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करते हुए उपभ ोक्ताओं को जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार मानव बल एवं ठेकेदारों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पा. इपलाइन उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ता अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लें, ताकि उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, जिला पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया

## आचार्य शांतिसागर एवं आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिह्न नवनिर्मित छत्री में हुए विराजमान

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान के तहत प्रथम चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर जी महाराज एवं युगदृष्टा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चरण चिह्न नवनिर्मित विशाल चरण छत्री में मंत्रोच्चार के बीच विराजमान किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान के अभिषेक के साथ हुआ। प्रभु के जन्म कल्याणक के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का मंगलाष्टक के पश्चात अभिषेक किया। इसके बाद विश्व शांति की मंगल कामना के लिए शांतिधारा हुई जिसका सौभाग्य गया के जैन समाज को प्राप्त हुआ। गुरुमाता के मुखारबिंद से शांतिधारा सम्पन्न हुई जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शांतिधारा के बाद दिगम्बर जैन धर्मशाला से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथों में जैन धर्म का प्रतीक जिन ध्वज थामे श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। अष्टधातु से निर्मित दोनों महान आचार्यों के चरण चिह्नों को पूरे विधि–विधान के साथ दिगम्बर जैन धर्मशाला से जन्मभूमि मंदिर लाया गया। यहां वेदी शुद्धि की प्रक्रिया के बाद नवनिर्मित चरण छत्री में दोनों आचार्यों के चरणों को पूरी श्रद्धा के साथ स्थापित किया गया।



यह समस्त धार्मिक मांगलिक क्रियाएं आर्यिका अंतरमती माताजी, आर्यिका अनुग्रहमति माताजी एवं आर्यिका स्वाध्याय मति माताजी के साथ–साथ ब्रह्मचारिणी मीना दीदी और सपना दीदी के पावन सानिध्य में संपन्न हुई। माताजी ने कहा कि राजगीर की यह धरा पंचकल्याणक की भूमि है। यहां गुरु चरणों की स्थापना से क्षेत्र की महिमा और अधिक बढ़ गई है। जिसे सदियों तक याद किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक मुकेश जैन ने बताया कि भगवान मुनिसुव्रतनाथ की जन्मभूमि में यह आयोजन ऐतिहासिक है। इस मौके पर विजय जैन, मुकेश जैन, संजीत जैन, रवि कुमार जैन, बैजनाथ जैन, मनोज जैन, राहुल जैन, संकेत जैन सहित अन्य मौजूद थे।




# मलमास मेला – 33 दिन शेष, 17 मई से शुरू होगा मलमास मेला, मेला में होंगे तीन शाही स्नान

## गंगा–दशहरा व रविवार को जुटेगी भारी भीड़, मलमास मेला में तैंतीस कोटि देवी–देवता रहते हैं राजगीर में विराजमान

### 2015 में लगाया गया था थियेटर पर पाबंदी, हुआ था जागरण का आयोजन, मलमास में तैंतीस कोटि देवता राजगीर में करते हैं वास





**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट**

**राजगीर(नालंदा)।** प्रसिद्ध ऐतिहासिक व धामिर्क मलमास मेला में अब महज 35 दिन ही शेष बचे हैं। इस मेला का काफी धार्मिक महत्व है। इसमें देश के कोने–कोने से साधु–संत आते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मलमास मेला के समय तैंतीस कोटि देवी–देवताओं का वास राजगीर में ही होता है। इस कारण यहां आकर कुंड में स्नान करने से मनोकामनाएं पूरी होती है। लोगों ने कहा कि इस धार्मिक मेला को सरकार ने काफी सुविधाएं दी है। लोगों ने इसे पूरी तरह से धार्मिक बनाने की मांग की। यहां पर मेला के दौरान थियेटर में अश्लील गानों का प्रदर्शन होता है। इससे मेला में आने वाली महिलाओं को शर्मशार होना पड़ता है। वहीं साधु–संतों को भी इससे परेशानी होती है। मेला में साधु–संतों की मांग पर वर्ष 2015 में थियेटर लगाने पर पाबंदी लगा दी गयी थी। मेला में जागरण का आयोजन किया गया था। हालांकि वह जागरण कहने मात्र को ही जागरण था। उसके अंदर मंच पर पूरी तरह से थियेटर का माहौल ही था। लोगों ने कहा कि जिला प्रशासन को एक बार फिर से सोच बनाने की जरूरत है और मेला में थियेटर पर पाबंदी लगानी चाहिए। यहां पर पूरे मास मेला में धार्मिक अनुष्ठान व भजन–कीर्तन का माहौल हो ताकि आने वाले श्रद्धालु पूरी तरह से भक्ति के रंग में रंग जाएं।

**17 मई से शुरू होगा मलमास मेला**

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सह पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय जी बताते हैं कि 17 मई से शुरू होगा। मेला के पहले ही दिन रविवार पड़ रहा है। इस कारण पहले ही दिन काफी भीड़ जुटेगी। मेला में तीन शाही स्नान होंगे। पहला शाही स्नान 27 मई एकादशी, दूसरा 31 मई रविवार पूर्णिमा व तीसरा शाही स्नान 11 जून एकादशी को होगा। इसके अलावा 17 मई रविवार, 25 मई गंगा–दशहरा दिन सोमवार, 14 मई रविवार चतुर्दशी को भी काफी भीड़ जुटेगी। इन शुभ दिनों में साधु–संतों के अलावा लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के विभिन्न कुंडों में स्नान करते हैं।

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सह पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय जी बताते हैं कि मलमास मेला में तैंतीस कोटि देवी–देवता राजगीर में ही विराजमान होते हैं। इस कारण मेले में कुंडों में स्नान का काफी महत्व होता है। लाखों की संख्या में देश व विदेश से श्रद्धालु यहां कुंड स्नान करने आते हैं। साथ ही वैतरणी नदी के पास श्रद्धालु लोग पिंड दान भी करते हैं। इस मेले के दौरान गाय की पूंछ को पकड़कर वैतरणी नदी को पार करना काफी शुभ माना जाता है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि 17 मई को मेले का ध्वाजारोहण किया जायेगा। इस दिन पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञशाला में ध्वजारोहण किया जायेगा। 15 जून तक मेला चलेगा। राजगीर तपो भूमि रही है। हमारी संस्कृति विश्व की जननी रही है।

मेला में आने वाले सिंगल श्रद्धालु के सामान रखने की हो व्यवस्था मलमास मेला के समय लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। कुछ श्रद्धालु ऐसे भी होते हैं जो अकेले बैग लेकर मेला में स्नान की मंशा लिए चले आते हैं। प्रशासन के द्वारा ऐसे श्रद्धालुओं के बैग रखने की कोई व्यवस्था नहीं हो पाती है। इससे उनको काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार तो उनका बैग भूल जाता है और वे परेशान होकर यहां से निराश होकर वापस लौट जाते हैं। लोगों का मानना है कि इस बार प्रशासन कुछ ऐसा करे कि सिंगल आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी अलग से बैग व चप्पल रखने की व्यवस्था कराये।









# बिजली के तार काटने वाले गिरोह का मुख्य सरगना एवं रिसीवर चोरी के सामान के साथ 3 चोर हुआ गिरफ्तार

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत आसपास के सिमावर्ती थाना क्षेत्र में बिजली के तार काट कर चोरी कर लिये जाने की घटना पिछले एक वर्षो से लगातार हो रही थी। इसी दौरान 10 अप्रैल की रात्री को हरनौत के नेहुसा में पुनः तार काट कर चोरी करने की घटना की गयी। जिसके अनुसंधान के क्रम में उद्धभेदन के लिये थानाध्यक्ष हरनौत के नेतृत्व में उक्त कांड का सफल उद्धभेदन किया गया। बता दे की शुक्रवार की मध्य रात्रि को सूचना मिली कि नेहूसा गांव के पास जोगना खंधा में 1.32 लाख क्षमता के संरचना लाइन को काट दिया गया जिसके वजह से वहां पर आग लग गई। ग्रामीण लोग दौड़कर वहां पर गए तो एक मोटरसाइकिल को छोड़कर सभी चोर मौके से फरार हो गया। वह शनिवार की सुबह में एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग मोटरसाइकिल लेने के लिए उसे स्थान पर पहुंचे थे। उसके बाद ग्रामीणों ने शक के आधार पर पूछताछ किया तो कुछ संतोषजनक जवाब नहीं दिया। तो ग्रामीण लोगों ने दो युवक को पड़कर स्थानीय थाना पुलिस के हवाले कर दिया। वही सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने हरनौत थाना परिसर में रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि हरनौत थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्रामीणों ने तार काटने वाली चोर को पकड़ कर रखे हुए हैं। पुलिस ने मोटरसा. इकिल के साथ बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मिसी गांव निवासी तनुज प्रसाद के पुत्र गणेश कुमार को तार काटने वाला मंत्र के साथ थाना लाया गया ।



पूछताछ के क्रम में उन्होंने स्वीकार किया कि वहां पर अपने सहयोगियों के साथ बलात्कार चोरी करने पहुंचे थे। उनके बयान के आधार पर घटना में संलिप्त दो अन्य आरोपी खुसरूपुर थाना क्षेत्र के मियां टोली निवासी विजय साब के पुत्र मंटू कुमार एवं फतुहा थाना क्षेत्र के मैजीचक गांव के लाला साव के पुत्र अरविंद कुमार जो तार खरीदने का काम करते थे। उन्हें भी एक पिकअप पर लदे बिजली की तार के साथ बरामद किया गया है। साथ ही उनके पास से6लाख 92400 रु. एवं तीन मोबाइल फोन चार बैंकों का चेक बुक भी बरामद किया गया है। चोरी के तार को खरीदने वाला मुख्य सिरीवर भी चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में हरनौत थाना कांड सं0–184/26 दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के बयान के आधार पर घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में नूरसराय सर्किल इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, हरनौत थाना प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा, भागन बीघा थाना अध्यक्ष राज कुमार चौधरी,चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार, हरनौत थाना में पदस्थापित दरोगा दीपा कुमारी,बृजेन्द्र कुमार मांझी, सिपाही कुंदन कुमार,अभिमन्यु कुमार, शुभम कुमार समेत पुलिसकर्मी शामिल थे।

# हिलसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, टॉप–10 अपराधी हरखित गोप गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टॉप–10 सूची में शामिल एक कुख्यात फरार अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हरखित गोप (पिता स्व. रामेश्वर गोप), निवासी धरमपुर, थाना हिलसा, जिला नालंदा के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 12 अप्रैल 2026 को थानाध्यक्ष, हिलसा थाना को सूचना मिली कि हिलसा थाना कांड संख्या 271/25 (दिनांक 14 मई 2025) के तहत नामजद अभियुक्त हरखित गोप फतुहा के कटहिया स्थान में भेष बदलकर छिपा हुआ है। उक्त मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ–साथ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। अभियुक्त करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा–01 के निर्देशानुसार एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फतुहा के कटहिया स्थान पर छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से पूछताछ की गई, जिसके उपरांत उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**छापेमारी टीम में शामिल अधिकारी**

पुलिस निरीक्षक अभिजीत कुमार (थानाध्यक्ष, हिलसा थाना), पुलिस अवर निरीक्षक शंभूशंकर सिंह तथा हिलसा थाना के सशस्त्र बल के जवान इस कार्रवाई में शामिल रहे। पुलिस की इस सफलता को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# नेहुसा में दो दिवसीय बाबा चौहरमल मेला का गन्ना उघोग मंत्री ने किया शुभारंभ

## शिक्षित बने , संगठित बनें एवं बाबा चौहरमल के मार्गों पर चले: मंत्री संजय पासवान



**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** स्थानीय प्रखंड के नेहुसा गांव में श्री श्री 108 श्री बाबा चौहरमल स्मारक समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेला महोत्सव का शुभारंभ बिहार सरकार में गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने रविवार के देर शाम फीता काटकर किया। इस दौरान मंत्री श्री पासवान ने बाबा चौ. हरमल मंदिर में जाकर बाबा के चरणों में शीष झुकाकर नमन किया।इस दौरान बाबा चौहरमल के जयकारे से परिसर गुंजायमान रहा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने मंत्री श्री पासवान को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।इस दौरान कार्यक्रम का संचालन लोजपा ( आर) के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट ने किया। वहीं मंत्री श्री पासवान ने संबोधन में कहा कि बाबा चौहरमल पासवान जाति के बहुत महान पुरुष हुए उन्हे पासवान जाति का कुल देवता माना जाता है। वे एक लोक नायक थे, बहुजन समाज के वीर योद्धा थे। इसलिए बहुजन आज उन्हें अपना भगवान मानते हैं। यह दलित जाति के महान पुरुषों में से एक है। उनका जन्म बिहार में मोकामा अंचल क्षेत्र के शंकरवाड़ टोला में हुआ था। बाबा चौहरमल सामंती दमन के विरूध विद्रोह के प्रतीक थे।
उन्होंने चरम छुआछूत के माहौल में भी शान और स्वाभिमान को शीर्ष पर बनाये रखा। वे शीलव्रती थे। बाबा चौहरमल सामंती दमन के विरूध विद्रोह के प्रतीक थे। उन्होंने चारडीह में सामंतो द्वारा की गई आर्थिक नानाबंदी का संगठन बनाकर कड़ा मुकाबला कर अपने लोगों को बचाया था। वे साम्प्रदायिक सौहार्द के भी प्रतीक थे। उनका शरीरान्त 120 वर्ष की आयु में 1नवम्बर 1433 में हो गया। वे हमारे समाज के कुल देवता के रूप में भी पूजे जाते हैं। इस दौरान मंत्री श्री पासवान ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षित बनने ,संगठित होने, आधी रोटी खाते हुए बच्चे को पढ़ने आदि पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि हम 28 वर्षो तक एक ही छत के नीचे मेहनत किया ।तब आज मंत्री हूं।साथ ही पूर्व मंत्री सह समाज के वीर स्व. रामबिलास पासवान के पार्टी लोजपा में वर्ष 2012 से हूं। जिसमें आज लोजपा ( आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग़ पासवान समेत पांच एमपी है। जबकि 19 विधायक है। उन्होंने कहा कि बाबा के मार्गो पर चले। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ज़माना है। हमने भगवान पुरुषोत्तम राम को तो नहीं देखा हूं मगर हमलोग के भगवान मगर चिराग पासवान को जरूर देख रहा हूँ । इस दौरान लोजपा ज़िला का अध्यक्ष श्री मुकुट भी संबोधित किया। वहीं समिति के अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि मेला का दो दिवसीय है। जिसमें दूगोला एवं नाट्य का मंचन चल रहा है।इसके साथ ही मेला में विभिन्न प्रकार के दुकानें सजी है।मौके पर मोकामा से रीगन पासवान, मिथिलेश पासवान,बटोरन पासवान,मनिकांत पासवानव अरूण पासवान जबकि समिति के सचिव विजेंद्र कुमार वर्णवाला, कोषाध्यक्ष विरु दास, व्यवस्थापक तुलसीदास दास , लक्ष्मण पासवान,शिक्षक बृंद पासवान,शिक्षक राजाराम पासवान समेत अन्य मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आज सोमवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं हरनौत विधानसभा के विधायक हरिनारायण सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग शिरकत करेंगे।

# अतिपिछड़ा समाज की एकजुटता पर बल, बिंद में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित – सरमेरा में भव्य मेला की तैयारियां तेज

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट** बिंद (नालंदा)। जिले के बिंद प्रखंड में रविवार, 12 अप्रैल 2026 को अतिपिछड़ा विकास मंच, नालंदा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में सामा. जिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोनू कुमार का सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा फूल–माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने अतिपिछड़ा समाज से सजग, संगठित और एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति आपसी सहयोग और जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव 2026 का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे समाज के बीच रहकर सेवा करते रहेंगे। जिला अध्यक्ष अरविंद धानुक ने अपने संबा. धन में कहा कि अतिपिछड़ा समाज की आबादी लगभग 36 प्रतिशत होने के बावजूद उसकी राजनीतिक ताकत बिखरी हुई है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर पंचायत चुनाव 2026 में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं, जे.पी. नायक ने पंचायत स्तर पर छोटे–छोटे समूह बनाकर नियमित बैठक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्हा. ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है, जिससे आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। इस मौके पर श्रवण कुमार, अमोद कुमार, भूषण राउत, संदीप कुमार, बहादुर प्रसाद, जयकांत प्रसाद, दिलीप चौहान, सीताराम सिंह चंद्रवंशी, अर्जुन प्रसाद, विरमनी राउत, नवीन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।नालंदा जिले के सरमेरा स्थित श्री श्री 108 श्री श्रनवास बाबा महतो साहब सदरगादी प्रणावां धाम में आयोजित होने वाले "चल चल रे दीवार" राजकीय मेला महोत्सव सह भंडारा 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

## प्रणावां धाम, सरमेरा में "चल चल रे दीवार" राजकीय मेला 29 अप्रैल से



यह भव्य मेला 29 अप्रैल 2026 से 2 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता केदार महतो ने की, जबकि मंच संचालन राज कुमार महतो द्वारा किया गया। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए 200 से अधिक स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा पेयजल, शौचालय, महिलाओं की सुरक्षा तथा भंडारा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष मेले में धानुक समाज के 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। तैयारियों को लेकर यह तीसरी बैठक थी, जबकि एक अंतिम बैठक में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। आयोजकों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल की व्यवस्था की जाए।



AFFINITY DIGITAL SOLUTION
WEBSITE DESIGN & DEVELOPMENT SERVICES
We are ready to help you build a modern and responsive website.
MORE INFORMATION
www.affinitywebsolution.com

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# रेड क्रॉस सोसाइटी का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 190 मरीजों की हुई जांच

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसा. इटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार, 12 अप्रैल 2026 को श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्ता. रित भवन में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 190 मरीजों की जांच की गई, जिसमें अलग–अलग रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 45 मरीजों की जांच की, जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 50 मरीजों का इलाज किया। फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिन्हा ने मिलकर 70 मरीजों को परामर्श दिया। हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरदीप नारायण ने 25 मरीजों की जांच की, वहीं डॉ. स्मृति कुमारी ने 15 मरीजों का इलाज किया। इसके अलावा, डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 मरीजों को फिजियोथैरेपी परामर्श दिया। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से 20 मरीजों की जांच की। साथ ही, शिविर में 40 ला. `गों की मधुमेह (डायबिटीज) जांच भी की गई।

शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. अमरदीप नारायण (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिन्हा (फिजिशियन), डॉ. अभिनव कुमार सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. स्मृति सिन्हा (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार (होम्योपैथिक), डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) तथा डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) शामिल रहे। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर उनके लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं।




संस्था की ओर से बताया गया कि यह साप्ताहिक शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता रहेगा।शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित एवं कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, अरविंद पंडित, एनएम मुस्कान कुमारी, कुणाल गौरव, शंभू कश्यप, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, राजीव कुमार, स्वधर्म कुमार, रवि नंदन कुमार, अरुण कुमार एवं संजय कुमार ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इन सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर शिविर को सफल बनाया। स्थानीय लोगों ने इनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए इसे शिविर की सफलता का मुख्य आधार बताया।





# सांसद कौशलेंद्र कुमार ने पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन, विकास कार्यों की सराहना

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के सोराडीह पंचायत अंतर्गत भेड़िया गांव में शनिवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अपने सांसद निधि से निर्मित पीसीसी सड़क ढलाई योजना का उद्घाटन किया। लगभग तीन लाख रुपये की लागत से बनी यह सड़क रामावतार रविदास के घर के समीप से जयराम पासवान के कुएं तक बनाई गई है। उद्घाटन के मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर घर नल–जल योजना, घर–घर शौचालय, गांव–गांव पक्की सड़क तथा पूर्ण शराबबंदी जैसे कार्यक्रमों का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में अब कानून का राज स्थापित है और आने वाले समय में राज्य विकास के मामले में अग्रणी होगा। इस अवसर पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू नेता जयराम पासवान, पूर्व मुखिया सच्चिदानंद सिंह, उप मुखिया पति अरुण कुमार सिंह, जदयू नेता देवेंद्र प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बीच बाजार स्थित कन्या मध्य विद्यालय में वर्ग 8 की छात्राओं को दी गई विदाई




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण के साथ इन दिनों विदाई समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वही हरनौत बाजार के बीच बाजार में स्थित कन्या मध्य विद्यालय में शनिवार को विद्यालय परिवार के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महारानी देवी ने बताया कि विद्यालय में समारोह आयोजित कर आठवीं कक्षा के 68 सफल छात्र एवं छात्राओं को पूरे विधि विधान से विदाई दी गई। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं फुल की वर्षा कर और चॉकलेट देकर विदाई दी दिया गया।प्रधानाध्यापक ने संबोधित करते हुए कहा कि यह जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को आगे की पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने अनुशासन बनाए रखने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। इस मौके पर शिक्षक पम्मी कुमारी समेत अन्य शिक्षक एवं दर्जन और छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# बड़ाय गांव से लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की शुरुआत, स्वच्छता रथ को दिखाई गई हरी झंडी

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट इस्लामपुर(नालंदा)।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत इस्लामपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बेसबक के बड़ाय गांव में स्वच्छता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष श्रीमती चंचला देवी ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया। अभियान के तहत पंचायत के सभी 13 वार्डों के स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया। इस मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर एवं वार्ड सदस्य–निधि कुमारी, संतोष कुमार, सविंदर सिंह, सीमा देवी, धनंजय कुमार और सरुन कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया चंचला देवी ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज और सशक्त परिवार की नींव है। उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांव को साफ–सुथरा रखने में सहयोग करें। अभियान के सफल संचालन में स्वच्छता पर्यवेक्षक राहुल कुमार, स्वच्छता रथ चालक निरंजन कुमार तथा स्वच्छता कर्मियों–कृष्ण देव ठाकुर, इंद्रदेव जमादार,



देवराज कुमार, रंजीत साहू, विनोद रविदास, विरमानी मोची, धर्मवीर कुमार, सुभाष कुमार, रामविलास चौधरी, छोटेलाल रविदास, सुरेश रविदास एवं नगीना दास की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# चार महीने बाद लापता महिला बरामद, कोर्ट में बयान के बाद बेंगलुरु रवाना

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट कतरीसराय (नालंदा)।** शेखपुरा जिला के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पांची गांव निवासी दिलीप कुमार की पत्नी छोटी कुमारी के लापता होने के मामले में पुलिस को चार महीने बाद सफलता मिली है। पुलिस ने महिला को गिरियक बस स्टैंड के पास से बरामद कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब चार महीने पहले छोटी कुमारी अपने छह माह के बच्चे को सास की गोद में छोड़कर कतरीसराय थाना क्षेत्र स्थित बाजार में पंजाब नेशनल बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस संबंध में पति दिलीप कुमार ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि जमुई जिले के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के छतियाना गांव निवासी विकास कुमार के साथ उसकी पत्नी चली गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कतरीसराय पुलिस ने जांच शुरू की। कांड के अनुसंधानकर्ता (आईओ) के रूप में एएसआई मनीष कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। लगातार छानबीन के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महिला गिरियक बस स्टैंड के पास देखी गई है।

सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एसआई संजय सिंह और आईओ मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान, महिला के बालिग होने के कारण कोर्ट ने उसे स्वयं निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी। अपने बयान में महिला ने स्वेच्छा से पति और बच्चे को छोड़कर बेंगलुरु जाने की बात कही, जिसके बाद वह वहां के लिए रवाना हो गई। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120